देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 63 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 3 जून 2020

विचार-प्रवाह...
महाशक्ति नहीं बन पाएंगे





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0°

33825.53

2 चीन बढ़ा रहा अपने सैनिकों की तैनाती

7 खेल रत्न के लिए रानी का नाम

## संक्षिप्त समाचार

### जेसिका लाल हत्याकांड का दोषी जेल से रिहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चर्चित जेसिका लाल हत्या केस में दोषी मनु शर्मा को समय से पहले रिहा कर दिया गया है। उपराज्यपाल ने अनिल बैजल ने शर्मा समेत 18 अन्य कैदियों को समय से पहले रिहाई वाले आदेश को मंजूरी दे दी थी। बता दें कि तिहाड़ जेल में बंद कैदियों की समय से पूर्व रिहाई के लिए सोमवार को सेंटेंस रिव्यू बोर्ड की मीटिंग हुई थी। मनु को अच्छे चाल-चलन के कारण सजा आजीवन कारावास की सजा पूरी होने के पहले जेल से रिहा करने का फैसला किया गया।

### मोदी इकॉनमी की रेटिंग कचरे से भी बुरीः राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नाकाम बताते हुए उन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मूडीज ने मोदी की कोशिशों को कचरे से भी बुरा आंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को भारत की सावरेन (राष्ट्रीय) रेटिंग को बीएए2 से घटाकर बीएए3 कर दिया। 22 सालों में पहली बार मूडीज ने भारत की रेटिंग घटाई है। राहुल गांधी ने इसी को लेकर पीएम मोदी पर तंज कसा। एक खबर को रीट्वीट करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, मोदी जिस तरह से इकॉनमी को हैंडल कर रहे हैं, उसे मूडीज ने कचरे से भी बुरा आंका है।

### असम में भूस्खलन, 20 लोगों की मौत कई घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दिसपुर। असम के कई इलाकों में भूस्खलनों से 20 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ज्यादातर मृतक दक्षिणी असम के तीन अलग-अलग जिलों से हैं। भूस्खलन की घटनाएं दक्षिणी असम के बराक घाटी क्षेत्र में हुई हैं।

# अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है लक्ष्य

### देश में पीपीई किट की सैकड़ों करोड़ की इंडस्ट्री हुई खड़ी

## आत्मनिर्भर भारत के लिए पीएम मोदी ने दिया पांच आई का फॉर्मूला

**संवाददाता**

नई दिल्ली। कोरोनावायरस महामारी से जूझ रही भारतीय अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने के लिए सरकार की ओर से लगातार कोशिशें जारी हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग परिसंघ के सालाना बैठक को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि हमारी सरकार प्राइवेट सेक्टर को देश की विकास यात्रा में साझीदार मानती है। उन्होंने कहा, भारत को फिर से तेज विकास के पथ पर लाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए 5 चीजें बहुत जरूरी हैं। ये पांच चीजें हैं-इंटेंट यानी इरादा, इन्क्लूजन यानी समावेशन, इन्वेस्टमेंट यानी निवेश, इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी बुनियादी ढांचा और इनोवेशन यानी नवोन्मेष। उन्होंने कहा, आपसे, सभी स्टेकहोल्डर्स से मैं लगातार संवाद करता हूं और ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निवेश और किसानों के साथ पार्टनरशिप का रास्ता खुलने का भी पूरा लाभ उठाएं।



### विश्व में भारत के प्रति विश्वास बढ़ा हैः पीएम

आज पूरे विश्व में भारत के प्रति जो विश्वास बहाल हुआ है, उसका आप सभी को, भारत की उद्योग को पूरा फायदा उठाना चाहिए। आत्मनिर्भर भारत का मतलब है कि हमें और ज्यादा मजबूत होकर दुनिया को दिखाना है। पीएम मोदी ने कहा, श्भारत ने कोरोना संकट के समय में 150 से अधिक देशों को दवाइयां भेजकर मानवता की भलाई का काम किया है। आज विश्व में भारत के प्रति जो विश्वास पैदा हुआ है, उसका फायदा उद्योग जगत को उठाना चाहिए। हमारे श्रमिकों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए श्रम सुधार भी किए जा रहे हैं। जिन गैर-रणनीतिक क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को इजाजत ही नहीं थी, उन्हें भी खोला गया है।

**मेट्रो कोच का निर्यात कर रहा भारतः** पीएम ने कहा, अब तो गांव के पास ही लोकल एग्रो प्रोडक्ट्स के क्लस्टर्स के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। इसमें सीआईआई के तमाम मेंबर्स के लिए बहुत अवसर हैं। उन्होंने कहा, देश आज मेट्रो के कोच निर्यात कर रहा है। देश ने वंदे भारत जैसी ट्रेन बनाई है। पिछले तीन महीने में ही पीपीई की करोड़ों की इंडस्ट्री भारतीय उद्यमियों ने ही खड़ी की है।

### एमएसएमई सेक्टर को नए सिरे से किया गया परिभाषित

प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार जिस दिशा में बढ़ रही है, उससे हमारा खनन क्षेत्र हो, ऊर्जा क्षेत्र हो या रिसर्च और तकनीक हो, हर क्षेत्र में इंडस्ट्री को भी अवसर मिलेंगे और युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। एमएसएमई की परिभाषा स्पष्ट करने की मांग लंबे समय से उद्योग जगत कर रहा था, वो पूरी हो चुकी है। इससे एमएसएमई बिना किसी चिंता के अपना कारोबार कर सकेंगे और उनको एमएसएमई का स्टेटस बनाए रखने के लिए दूसरे रास्तों पर चलने की जरूरत नहीं रहेगी। पीएम मोदी ने कहा, देश के रणनीतिक क्षेत्र में भी प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी एक रियलिटी बन रही है। स्पेस, परमाणु ऊर्जा जैसे सेक्टर में भी हर अवसर उद्यमियों का इंतजार कर रहा है।

# कोराना संक्रमण की डबलिंग रेट में सुधार

### प्रदेश में कोरोना संक्रमण पॉजिटिविटी दर और मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से कम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि देश में कुल कोविड-19 पॉजिटिव केस की संख्या 2 लाख के करीब पहुंच चुकी है जबकि हमारे राज्य में लगभग 1 हजार है। इस तरह से देखा जाए तो देश की जनसंख्या में उत्तराखण्ड का प्रतिशत लगभग 1 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 पॉजिटिव केस में 0.5 प्रतिशत है। उत्तराखण्ड में लगभग एक चौथाई कोरोना संक्रमित व्यक्ति ठीक हो चुके हैं। कुल एक्टिव केस मंगलवार दोपहर तक 746 हैं। कुल 07 मृत्यु हुई है। ये सभी किसी न किसी गम्भीर बीमारी से ग्रस्त थे। कोविड संक्रमित की मृत्यु दर का राष्ट्रीय औसत लगभग 2.83 प्रतिशत है जबकि उत्तराखण्ड में यह 1 प्रतिशत से कम है। डबलिंग रेट में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। हमारे यहां सेम्पल के पॉजिटिव होने की दर भी राष्ट्रीय औसत से कम है।

मुख्य सचिव ने बताया कि हमने देश के 75 शहरों को वहां कोविड-19 मामलों की अधिक संख्या को देखते हुए चिन्हित किया है। यहां से जो भी व्यक्ति आएंगे, उन सभी को सरकारी क्वारंटाईन में 7 दिनों के लिए रहना होगा।

सीएस ने बताया कि प्रदेश में 2 लाख 60 हजार लोग मनरेगा में कार्य कर रहे हैं। 11 हजार नए जॉब कार्ड बनाए गए हैं। इनमें से 7 हजार लोगों को काम भी उपलब्ध कराया जा चुका है।

### हमारी अच्छी तैयारी हैः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने कहा कि कोरोना से लड़ने के लिए कान्टेक्ट ट्रेसिंग बहुत महत्वपूर्ण है। अभी तक लगभग 4 हजार कान्टेक्ट ट्रेसिंग की गई है। प्रदेश में व्यवस्थाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। संस्थागत फेसिलिटी में बेड की संख्या को बढ़ाकर लगभग 14 हजार किया जा चुका है। अभी हमारे यहां एक्टीव केस 746 हैं। आगे संख्या कुछ बढ़ने की सम्भावना है परंतु किसी तरह से पेनिक होने की स्थिति नहीं है। हमारी अच्छी तैयारी है। लगभग 95 प्रतिशत मामलों में किसी तरह के लक्षण नहीं होते या बहुत ही कम लक्षण होते हैं।

## मनोज तिवारी हटाए गए, आदेश गुप्ता नए दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष नियुक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली सांसद मनोज तिवारी को बड़ा झटका लगा। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मनोज तिवारी को हटाकर आदेश गुप्ता को दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। इसके साथ छत्तीसगढ़ का अध्यक्ष विष्णुदेव साय को नियुक्त किया। मनोज तिवारी को हटाकर बीजेपी ने जिसे दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है उनका नाम आदेश गुप्ता है। आदेश गुप्ता एक साल पहले तक नॉर्थ एमसीडी के मेयर रह चुके हैं। माना जा रहा है कि बीजेपी ने यह चेहरा व्यापारी वर्ग को खुश करने के लिए आगे किया है।

मनोज तिवारी को पद से क्यों हटाया गया इसके पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं है। लेकिन पिछले दिनों मनोज तिवारी का नाम काफी विवादों में रहा था। उनपर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने के आरोप लगे थे।

## देश में संक्रमितों की संख्या 1,98,706 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से संक्रमण के 8,171 नए मामले सामने आने के बाद मंगलवार को कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,98,706 हो गई। वहीं इस खतरनाक वायरस से 204 और लोगों की मौत के साथ ही देश में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,598 हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में अभी 97,581 मरीजों का इलाज चल रहा है और अब तक 95,526 संक्रमित लोग स्वस्थ हो चुके हैं और एक व्यक्ति देश से बाहर जा चुका है।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि करीब 48.07 फीसदी मरीज स्वस्थ हुए हैं। सोमवार सुबह से अब

### ■मृतकों की संख्या 5,598 पहुंची

तक 204 लोगों की मौत हुई है जिनमें से सबसे ज्यादा 76 मौतें महाराष्ट्र में हुई। इसके बाद दिल्ली में 50, गुजरात में 25, तमिलनाडु में 11 लोगों की मौत हुई। पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में आठ-आठ लोगों की मौत हुई। इसके अलावा तेलंगाना में छह, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में चार-चार तथा बिहार और जम्मू-कश्मीर में तीन-तीन, आंध्र प्रदेश में दो और हरियाणा, कर्नाटक, केरल और उत्तराखंड में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। महाराष्ट्र में अब तक 2,362 लोगों की मौत हो चुकी है और यह राज्य मृतकों की सूची में शीर्ष पर है।

## मुंबई की ओर बढ़ रहा तूफान निसर्ग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मुंबई अपने इतिहास के पहले बड़े चक्रवात की जद में आने वाला है। अरब सागर में उठ रहा चक्रवात निसर्ग बुधवार को मुंबई से उत्तर की ओर 110 किमी दूरी पर टकराएगा। इसका सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र और गुजरात पर पड़ने वाला है।

तूफान की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने देश के पश्चिमी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रख रहे नजर

तटीय क्षेत्रों में तूफान को लेकर बने हालात के बारे में जानकारी ली है। प्रधानमंत्री ने सभी लोगों की सलामती के लिए दुआ की है और लोगों से हर मुमकिन एहतियात और सुरक्षा के कदम उठाने की अपील की है। मौसम विभाग ने रविवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया था लेकिन चक्रवात की तीव्रता को आंकते हुए सोमवार को इसे रेड अलर्ट में अपग्रेड कर दिया गया।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in